भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3676

उत्तर देने की तारीख: 20.12.2021

उत्तर प्रदेश में एनएमएमएसएस स्कीम

3676. श्री आर.के. सिंह पटेल:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में बांदा और चित्रकूट जिलों समेत वहां बुंदेलखंड में नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम (एनएमएमएसएस) को प्रोत्साहन देने और उसका प्रचार प्रसार करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में बनाई जा रही योजना का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) उत्तर प्रदेश में बांदा और चित्रकूट जिलों समेत वहां बुंदेलखंड में एनएमएमएसएस के तहत उपलब्ध सीटों की कुल संख्या कितनी है; और

(घ) क्या सरकार राज्य-वार ऐसी सीटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख) : यह मंत्रालय प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया और स्कूलों के माध्यम से राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) का व्यापक प्रचार करने और चयन परीक्षा का आयोजन करने, जिसके लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रति-पूर्ति की जाती है, के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को निर्देश जारी करता है। यह मंत्रालय का सतत प्रयास रहता है कि अधिकतम कवरेज के लिए व्यापक प्रचार के माध्यम से योजना को और गति प्रदान की जाए।

(ग) और (घ) : एनएमएमएसएस के तहत कक्षा IX में प्रवेश स्तर पर नई छात्रवृत्तियों की कुल संख्या 1,00,000 है। एनएमएमएसएस के तहत सीटों का आवंटन राज्य/संघ राज्यक्षेत्र वार किया जाता है और जिला-वार नहीं किया जाता। उत्तर प्रदेश में एनएमएमएस योजना के तहत कक्षा IX में प्रवेश स्तर पर उपलब्ध सीटों की संख्या 15143 है। प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक निश्चित आवंटित कोटा है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार आवंटित कोटा अनुबंध 'क' में दिया गया है।

अनुबंध 'क'

उत्तर प्रदेश में एनएमएमएसएस स्कीम के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री आर.के. सिंह पटेल द्वारा दिनांक 20.12.2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3676 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

राष्ट्रीय साधन सह मेरिट छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को दी गई छात्रवृत्तियों की संख्या दर्शाने वाली सारणी		
क्रम सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**छात्रवृत्तियों की संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	4087
2	अरुणाचल प्रदेश	122
3	असम	2411
4	बिहार	5433
5	छत्तीसगढ़	2246
6	गोवा	144
7	गुजरात	5097
8	हरियाणा	2337
9	हिमाचल प्रदेश	832
10	जम्मू और कश्मीर	1091
11	झारखंड	1959
12	कर्नाटक	5534
13	केरल	3473
14	मध्य प्रदेश	6446
15	महाराष्ट्र	11682
16	मणिपुर	255
17	मेघालय	231
18	मिजोरम	103
19	नागालैण्ड	180
20	ओडिशा	3314
21	पंजाब	2210
22	राजस्थान	5471
23	सिक्किम	58
24	तमिलनाडु	6695
25	तलंगाना	2921
26	त्रिपुरा	351
27	उत्तर प्रदेश	15143
28	उत्तराखंड	1048
29	पश्चिम बंगाल	7250
30	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	42
31	चंडीगढ़	85
32	डी एण्ड एन हवेली	22
33	दमन एण्ड दियू	16
34	दिल्ली	1576
35	लक्षद्वीप	10
36	पुदुच्चेरी	125
कुल		100000

*****